हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 नवंबर 2024



# छठ पर्वः बिहार की ओर जाने वाली यात्री ट्रेनों में भीड़, हर सीट के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली के बाद यात्रियों की भीड़ ट्रेनों में काफी बढ़ने के कारण बर्थ की मारामारी हो रही है। इसमें एक टिकट में पांच वेटिंग वालों में से एक के क्लीयर होने पर चार को खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है। वहीं यात्रियों की ट्रेनों में खचाखच भीड़ के कारण रेल अफसर भी इमरजेंसी कोटे क्लीयर नहीं हो पा रहे हैं।

रेलवे प्रतिवर्ष नवरात्रि के साथ दीपावली और छठ पर्व में यात्रियों की भीड़ कम करने और उन्हें आरामदायक सफर कराने के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का छोटे एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का छोटे स्टेशनों में स्टापेज के अलावा अतिरिक्त कोच की सुविधा देती है। नवरात्रि के बाद से ही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ शुरू हो जाती है। भीड़ से बचने के लिए यात्री चार माह पहले टिकिट बुकिंग करते थे, जिसे रेलवे ने एक नवंबर से घटाकर दो माह कर दिया है। इसके अलावा एसी कोच की तरह स्लीपर कोच में भी वेटिंग टिकट वालों को सफर नहीं करने का आदेश दिया गया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि यात्री जनरल कोच में भीड़ से बचने और आरामदायक सफर करने के लिए रिजर्वेशन तो करा रहे हैं, लेकिन टिकट कन्फर्म नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में रिफंड करने के अलावा जनरल कोच में सफर करना पड़ रहा है। मुम्बई, हावड़ा, दिल्ली और अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर जाने वाली सारी ट्रेनों में इस तरह यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है कि स्लीपर तो दूर एसी कोच में कन्फर्म बर्थ मिलना मुश्किल हो गया है।

## दिवाली के बाद से ट्रेनों में बढ़ गई यात्रियों की भीड़, अब लंबी वेटिंग

### दिवाली पर्व मनाकर लौट रहे लोग

अब तक यात्रियों की भीड़ दीपावली पर्व में दिखाई दे रही थी, जो छुट्टी मनाने के लिए अपने-अपने घरों में वापस हो रहे थे। दीपावली के बाद भी ट्रेन में भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। छुट्टी मनाने वाले ज्यादातर लोग अपने शहरों में वापस हो रहे हैं। जिसमें सबसे अधिक संख्या पढ़ने वाले बच्चों की है। इसी तरह का हाल दुर्ग, रायपुर, उसलापुर से बिहार और उत्तरप्रदेश एवं दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में हो गया है। इन ट्रेनों में छठ मनाने वाले लोग कंफर्म बर्थ नहीं मिलने पर कोच के बर्थ पर बिछौना लगाकर सफर कर रहे हैं।



### इन ट्रेनों में बर्थ की मारामारी

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छठ पर्व में सभी ट्रेनें फुल चल रही है। जिसमें सारनाथ एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस, नौतनवा एक्सप्रेस, पटना एक्सप्रेस, लखनऊ गरीब रथ, साउथ बिहार एक्सप्रेस के एसी और स्लीपर कोच में 20 नवंबर तक नो रूम की स्थिति बनी हुई है। इसी तरह दिल्ली की ओर जाने वाली जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर, संपर्क क्रांति, राजधानी, हावड़ा-मुम्बई रूट की ट्रेनों के स्लीपर कोच की वेटिंग ने 98 और एसी में वेटिंग ने 50 का आंकड़ा पार कर दिया है।

### एक कन्फर्म तो 4 को प्रवेश

जनरल कोच में भीड़ से बचने के लिए रेल प्रशासन ने यात्रियों को स्पेशल ट्रेन की सुविधा भी दी है। जिसमें भी यात्रियों को कन्फर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। इसी तरह की एक सुविधा रेलवे की ओर से यात्रियों को दी गई है। इस सुविधा के तहत अगर किसी ट्रेन में एक पीएनआर पर पांच यात्री सफर करना चाहते हैं और उनकी टिकट वेटिंग है तो उसमें से किसी एक का बर्थ कन्फर्म होता है तो संबंधित पीएनआर में अन्य चार यात्रियों को भी प्रवेश और सफर करने की अनुमति दी गई है।

## गिरदावरी की रिपोर्ट के आधार पर ही होगी धान खरीदी

# गिरदावरी के बाद सत्यापन में जुटा प्रशासन दीगर विभाग के अफसरों की भी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने से पहले राज्य शासन द्वारा रकबा पंजीयन की जानकारी जुटानी शुरू कर दी गई है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि गिरदावरी के बाद अफसर किसानों के पंजीयन का भौतिक सत्यापन करेंगे। मजेदार बात यह है कि सत्यापन के कार्य में शिक्षा, राजस्व के साथ ही अन्य विभागों के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। बताया गया कि कुल गिरदावरी के 10 फीसदी रकबा का सत्यापन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा धान खरीदी के लिए पंजीयन हेतु 31 अक्टूबर तक अंतिम तिथि तय की गई थी। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा मौखिक तौर पर निर्देश दिए गए हैं कि गिरदावरी के बाद सामने आए आंकड़ों का भौतिक सत्यापन किया जाए। इस निर्देश की माने तो पटवारी हल्का अनुसार पंजीकृत आंकड़े की 10 फीसदी रकबे का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिला प्रशासन के राजस्व महकमा द्वारा गिरदावरी का कार्य कड़ाई से की गई है। जिसमें किसानों द्वारा बोए गए फसलों की पड़ताल और सड़क, मकान वह मेड व खेती जमीन पर बने चबूतरे तक की भी जांच की गई। राज्य शासन द्वारा आगामी 14 नवंबर को समर्थन मूल्य प्रदान कर दी की जाएगी, इसीलिए प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। धान खरीदने के लिए उपार्जन केंद्रों में बारदाना आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। इस बार यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जितने रकबे में किसानों ने धान की खेती की होगी, उतना धान ही वे बेच पाएंगे। यदि किसी किसान ने खेती भूमि में निर्माण कराया है तो उतना रकबा कटौती किया जाएगा।

### खास बातें

- दस फीसदी रकबा का करना होगा भौतिक सत्यापन
- जिले में 77 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट
- 14 से शुरू होगी सरकारी खरीदी



### पहली बार डिजिटल गिरदावरी

इस बार पहली दफा डिजिटल गिरदावरी की गई है। जिसमें फिल्ड में क्या बोया गया है, फसल की जिंस का नाम, मिश्रित फसल की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित-असिंचित फसल, एक वर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी आदि भरी गई है।

### फिर टूटेगा खरीदी का रिकार्ड

*अविभाजित राजनांदगांव जिले में इस बार धान खरीदी के दौरान कुल 14398930 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य शासन द्वारा तय किया गया है। इसमें सर्वाधिक 7737560 क्विंटल धान राजनांदगांव जिले में खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मोहला-मानपुर जिले में 2397870 लाख क्विंटल एवं खैरागढ़ जिले में 4263500 क्विंटल धान खरीदी का टारगेट तय किया गया है। हालांकि यह टारगेट धान खरीदी की तैयारी के लिए आधार होता है। विगत कई सालों में दान करने का टारगेट आवक के चलते टूटा भी है। किसानों की माने तो इस बार फसल अच्छा होने के कारण उत्पादन भी ज्यादा होगा। ऐसे में इस बार भी धान की बंपर आवक होगी।*

### भुईयां से सिस्टम कनेक्ट

सोसायटियों में पंजीयन किए जाने के बाद इस सॉफ्टवेयर को सिस्टम से जोड़ा गया है, जिसे वर्तमान में जमीन मालिकों की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार खेतों के बीच कम से कम 100 वर्गफीट या उससे अधिक जमीन पर यदि निर्माण कराया जाता है तो उस रकबे में कटौती की जाएगी। ऐसे ही खेत में दस फीट चौड़ी सड़क का निर्माण करने पर गिरदावरी में जमीन कटौती की जाएगी। खेतों में मेड़ वाले हिस्सों को भी रकबे में नहीं जोड़ा जाएगा, जितने इलाकों में फसल ली जाएगी, उनका ही गिरदावरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## निगरानी बदमाशों को जिला बदर करने की मांग

# गांव में शराब की अवैध बिक्री पर भड़के ग्रामीण, घेरा एसपी दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में अवैध शराब की बिक्री से तंग आ चुके रामपुर के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इकट्ठे होकर अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की मांग करते उन्हें जिला बदर करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

बीते कुछ समय से रामपुर क्षेत्र में तीन लोगों द्वारा सक्रिय होकर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। वहीं गांव वालों के विरोध करने पर शराब कोचियों द्वारा ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती है। 2 दिन पूर्व ही अवैध शराब बिक्री का विरोध करने पर आरोपियों ने ग्रामीणों के साथ मारपीट की। इसके बाद गांव में तनाव का माहौल भी बन गया था। आज सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपियों पर कार्रवाई करने को लेकर ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री करने वाले निगरानी बदमाशों को जिला बदर करने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।



**जिला बदर करने की मांग :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे रामपुर के ग्रामीणों ने गांव में अशांति फैलाने वाले तीनों लोगों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई करने ग्राम समिति के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। वहीं एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन करने को लेकर चेतावनी भी दी है।

### ग्रामीण के घर घुसकर मारपीट

लालबाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामपुर के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि आरोपियों द्वारा ग्राम प्रमुख दुधेराम साहू के घर जाकर गाली-गलौज करते उनके बेटे शशि कुमार साहू को मारपीट किया गया। बीच-बचाव करने जब गांव के बैसाखूराम साहू सामने आए तो उनके साथ भी लात-घूसे से मारपीट किया गया। पूर्व में भी गांव में बैठक कर उन्हें कई बार समझाईस दी जा चुकी है। दोनों भाई संजय कुमार टांडेकर औरा सज्जन टांडेकर निगरानी बदमाश हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इनके विरूद्ध थाना में कई बार शिकायत की गई, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं जा रही है। वहीं इनके साथी घनसू यादव उर्फ बटाई यादव द्वारा जनपद सदस्य मनीष साहू को जान से मारने की धमकी दी गई है।

### शिकायत करने पर मारपीट का आरोप

ग्रामीणों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे क्षेत्र के जनपद सदस्य मनीष साहू ने कहा कि गांव में संजय और सज्जन टांडेकर द्वारा अशांति फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इन लोगों ने दीपावली पर ग्राम समिति के अध्यक्ष और पटेल के घर घुसकर मारपीट किया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों द्वारा गांव में अवैध शराब व सट्टे का कारोबार किया जा रहा है। जिसकी शिकायत करने पर इनके द्वारा गांव के लोगों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की जाती है। शिकायत के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह दोनों आरोपी निगरानी बदमाश हैं और इनका एक अन्य साथी भी इस कारोबार में संलिप्त है।

## खबर संक्षेप

### संगठन चुनाव को लेकर जिला भाजपा की कार्यशाला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव की प्रक्रिया धीरे-धीरे प्रारंभ हो रही है। संगठन चुनाव के साथ-साथ सदस्यता अभियान भी 15 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। संगठन चुनाव सक्रिय सदस्यता अभियान व प्राथमिक सदस्यता अभियान जिलेभर में एक साथ चल रहा है। इसी तारतम्य में संगठन चुनाव को लेकर जिला भाजपा की एक महत्वपूर्ण कार्यशाला कल 5 नवंबर को दोपहर 01 बजे जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

जिला भाजपा मीडिया सेल के अनुसार जिला अध्यक्ष रमेश पटेल तथा महामंत्री व जिला संगठन चुनाव के सह-प्रभारी राजेन्द्र गोलछा ने बताया कि बैठक में अपेक्षित लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

जिसमें जिला चुनाव अधिकारी व उनकी टीम, जिला पदाधिकारी, जिला के मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी, प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति सदस्य, सांसद-विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, साथ ही मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल के सक्रिय सदस्यता संयोजक, मंडल चुनाव अधिकारी व उनके सहयोगी ही इस कार्यशाला में भाग ले सकेंगे।

# विश्वकर्मा ने संभाला नगर निगम आयुक्त का पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर पालिक निगम के नवागत आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज अपरान्ह में पदभार ग्रहण किया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने उन्हें अपना प्रभार सौंपा।

उल्लेखनीय है कि छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग, महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के आदेश द्वारा अतुल विश्वकर्मा संयुक्त कलेक्टर राजनांदगांव को आयुक्त नगर पालिक निगम राजनांदगांव के पद पर अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में विश्वकर्मा ने अपरान्ह 12 बजे नगर निगम कार्यालय पहुंचकर आयुक्त अभिषेक गुप्ता से पदभार ग्रहण किया एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि पारिवारिक माहौल में मिल जुलकर राजनांदगांव के विकास के लिए कार्य करना है।

# तीन सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन में दो हजार कर्मी, समितियों में लगा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। सोमवार से सभी समितियों के प्रबंधक सहित कर्मचारी धरने में बैठ गए हैं। इस प्रदर्शन से आने वाले दिनों में होने वाली धान खरीदी की तैयारियों पर असर पड़ेगा। वहीं रबी सीजन की तैयारी में लगने वाले किसानों को खाद-बीज के लिए भी भटकना पड़ेगा।



प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास ने बताया कि सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर 4 नवंबर को आंदोलन की शुरूआत कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संघ ने प्रमुख रूप से तीन मांग सरकार के सामने रखी है। जिनमें धान में सुखद का प्रावधान किया जाए। मध्यप्रदेश की तर्ज पर तीन-तीन लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए। सेवा नियम 2018 संशोधन हेतु लंबित है, उसे अतिशीघ्र संशोधन किया जाए। आंदोलन से प्रदेशभर में 14 नवंबर से होने वाली धान खरीदी कार्य प्रभावित होगी। इसके अलावा किसानों को रबी सीजन में खाद, बीज व नगद की आवश्यकता होती है। उसकी बिक्री भी प्रभावित होगी।

### संभाग के कर्मी एक साथ जुटे

बताया गया कि अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी सात जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर एवं खैरागढ़ की सहकारी समितियों में कार्यरत लगभग दो हजार कर्मचारी दुर्ग स्थित मानस भवन धरना स्थल में सोमवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ कर दिए हैं।

# धुसेरा के पास दो बाइक में भिड़ंत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकासखंड के ग्राम धुसेरा के पास दो बाइक में जबर्दस्त भिड़ंत से तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अछोली टिकरापारा निवासी राजीव सिंह राजनांदगांव की ओर से घर आ रहा था। वहीं त्रेता प्रकाश पांडे ब्राह्मण डोंगरगढ़ एवं मनोज यदु ठेठवारपारा निवासी दोनों राजनांदगांव की ओर जा रहे थे। दोनों बाइक सवार आपस में भिड़ गए। जिससे राजीव सिंह के सिर के




आसपास अंदरूनी चोंटे आई है। वहीं त्रेता प्रकाश पांडे के पैर में गंभीर चोंटे लगी है। वहीं मनोज यदु के हाथ पूरी तरह टूट गए हैं, जिन्हें अछोली स्थित प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां मेडिकल ऑफिसर घनिष्ठा लाउत्रे द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात तीनों को हायर चिकित्सा सेंटर रेफर कर दिया। अभी तीनों युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है।

## सूर्य उपासना के महापर्व को लेकर श्रद्धा भक्ति, तैयारियां शुरू

# नहाय खाए से छठ पर्व का आज से आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान सूर्यदेव एवं छठी माता की उपासना का महापर्व छठ का कल 5 नवंबर से नहाय खाए के साथ शुरूआत हो रही है, जो लगातार चार दिनों तक चलेगी। इस पर्व को लेकर लोगों के बीच श्रद्धा-भक्ति का माहौल है।

पंडित एवं पंचाग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी 5 नवंबर से छठ पर्व प्रारंभ हो रहा है। जिसका समापन 8 नवंबर को होगा, जिसे लेकर लोगों में उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल है। जिले में बड़ी संख्या में लोग इस महापर्व को मनाते हैं।

**चार दिन चलेगा महापर्व**

इस महापर्व के तहत कल 5 नवंबर को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय खाय से पर्व मनाया जाएगा। इस दिन व्रती स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण करेंगी। पंचमी तिथि 6 नवंबर को खरना होगा, इस दिन माताएं दिनभर उपवास रखेंगी और पूजा बाद गुड़ की खीर खाकर 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ करेंगी। पर्व के तहत 7 नवंबर को छठ पर्व का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन व्रती माताएं सहित बड़ी संख्या में लोग तालाब के घाट में जाकर सूर्यास्त के समय जल में उतरकर भगवान सूर्यदेव को अर्ध्य देगी। 8 नवंबर को भोर के समय बड़ी संख्या में लोग तालाब में पुनः पहुंचकर उगते सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा। जिसके बाद व्रती व्रत खोलेंगे और प्रसादी का वितरण किया जाएगा।



**बाजार में पूजन सामाग्री की मांग**

पर्व को लेकर बाजार में पूजा सामग्रियों की मांग बनी हुई है। इसके अलावा पर्व मनाने के लिए अन्य सामग्रियों की भी खरीदी करने लोग व्यस्त हैं। छठ पर्व पर 7 नवंबर की शाम एवं 8 नवंबर को भोर के समय मोती तालाब परिसर में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनेगी। बाजे-गाजे और भक्ति गीतों की गूंज बनी रहेगी। बच्चे सहित उनके परिजन यहां फटाके छोड़कर भी पर्व की खुशियां बांटेंगे।

### सूर्यदेव को अर्ध्य देने तालाब में उमड़ेगी भीड़

ज्ञात हो कि अंचल में बड़ी संख्या में लोग छठ महापर्व का हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाते हैं। संतान की सुख-समृद्धि की कामना लिए इस मौके पर भगवान सूर्यदेव और छठ माता की पूजा-अर्चना करते हैं। शहर के श्री मिथिलाधाम गणेश मंदिर के किनारे मोती तालाब में पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। तालाब के घाट की साफ-सफाई की गई है। वहीं मंदिर परिसर से लेकर तालाब परिसर में भी साज-सजावट की गई है। यहां बड़ी संख्या में लोग पूजा की सामग्री लेकर पहुंचेंगे और भगवान सूर्यदेव को अर्ध्य देंगे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व
• कंधों में जकड़न, खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365




## खबर संक्षेप



### पशुधन की पूजा

**डोंगरगांव।** धनतेरस, दीपावली के मौके पर ग्राम अड़ाम, दर्राबांधा, तिलईरवार, गाताटोला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु ने शामिल होकर ग्रामीणों को दीपावली देते हुए क्षेत्र एवं लोगों के समृद्ध होने की कामना की। इस अवसर पर जनपद सदस्य जागेश्वर यादव, नसीब रात्रे, गुलशन पटेल, सरपंच लीला मंडावी, मीना साहू, संतोष निषाद, बसंत निषाद, चमन वर्मा, शेषनारायण धनकर आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### किया देवी दर्शन



**डोंगरगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद दुर्ग के जिलाध्यक्ष मनीष भूचासिया, भिलाई नगर अध्यक्ष काली यादव ने टीम के साथ यहां पहुंचकर माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन किए।

### बुजुर्गों का सम्मान



**डोंगरगांव।** शासकीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। क्षेत्र के वृद्धजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। स्वागत के बाद अतिथियों ने अपने जीवन के विभिन्न पड़ावों के बारे में छात्रों को अवगत कराया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक शिवनाथ देवांगन ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर गौतम कुमार नेताम, शुभम सिंह, रामचंद्र भार्गव, डॉ आशाराम साहू आदि मौजूद थे।

### शिविर के लिए अजय चयनित



**एलबी नगर।** शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लालबहादुर नगर की राष्ट्रीय सेवा योजना के दल नायक अजय कुमार यादव का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर जो हेमचंद्राचार्य नार्थ गुजरात विश्वविद्यालय पाटन में 8 से 14 नवंबर तक होना है के लिए हुआ है। प्राचार्य डॉ. आरके ठाकुर, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बीआर चन्द्रवंशी आदि ने उन्हे बधाई दी है।

### साल्हे मन्होरा में सांस्कृतिक आयोजन



**खुज्जी।** ग्राम मन्होरा में भाई दूज के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैलाश शर्मा थे। इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने गांव की सांस्कृतिक विरासत से लोगों को अवगत कराया। अध्यक्षता जनपद सदस्य देवारू मालेकर ने किया। इस अवसर पर सुरजूराम पटेल, संत्रीबाई पटेल, दिलेश्वर मानिकपुरी, गंगाराम साहू, ममता रंगारी, हिरम साहू, शेखर साहू, रोहित कौशिक, गौतरिहा राम साहू, देवीदास, दम्मन साहू, जीवन वारके, रोहित हिरवानी, दरबारीराम, नरेंद्र रामटेके, गिरधारीलाल, खोमराज साहू, धनराज साहू आदि उपस्थित थे।

## प्रशासनिक हलचल तेज, नेताओं को आरक्षण और घोषणा का इंतजार

# सुनाई देने लगी पंचायत चुनाव की आहट निर्वाचन क्षेत्र तय, दावा आपत्ति आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 30 के साथ गठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए सीमा क्षेत्र का निर्धारण किया है।निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत जिले के किसी निवासी को कोई दावा-आपत्ति करना हो तो वह आगामी 8 नवम्बर तक कलेक्टर को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाएगा। निर्धारित तिथि उपरान्त अंतिम विनिश्चय प्रकाशित किया जायेगा।

जानकारी के अनुसार जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्र. 01 चिल्हाटी अंतर्गत टाटेकसा, मुड़पार, विचारपुर, मिरचे, चिल्हाटी, ओटेबांधा, खुर्सीटिकुल, कोरचाटोला, पेंदलकुही, कुसुमकसा, तिरपेमेटा, लाताकोड़ो, रेंगाकठेरा, हालमकोड़ो, सिंघाभेड़ी, रैनुटोला, निर्वाचन क्षेत्र क्र. 02 आमाटोला अंतर्गत बांधाबाजार, जोरातराई, जादूटोला, ढाढूटोला, खुर्सीपार, चिखली, कौडूटोला, भड़सेना, केकतीटोला, सोनसायटोला, सेम्हारबांधा, मोंगरा, खड़खड़ी, झिटिया, हांडीटोला, डोंगरगांव, मांगाटोला, आमाटोला, बिटाल, निर्वाचन क्षेत्र क्र. 03 छछानपाहरी अंतर्गत दाउटोला, आटरा, बहोरनभेड़ी, छछानपाहरी, हितागुटा, थुहाडबरी, ब्राम्हणभेड़ी, गुण्डरदेही, कोटरा, सांगली, केसला, बिहरीकला, पांगरी,



गोर्राटोला, माहुद-मचान्दुर, आतरगांव, बुटाकसा,

निर्वाचन क्षेत्र क्र. 04 कौड़ीकसा अंतर्गत देववाड़वी, अरजकुण्ड, भर्रीटोला, नीचेकोहड़ा, कुदूरघोड़ा, दोड़के, परसाटोला, पीपरखार, गौलीटोला, कौड़ीकसा, मुरेटीटोला, देवरसूर, तारमटोला, करमतरा, आड़ेझर, गोपलिनचुवा, बागनारा को शामिल किया गया है।

इसी प्रकार निर्वाचन क्षेत्र क्र. 05 वासड़ी अंतर्गत वासड़ी, पाटनवाड़वी, पाटनखास, मरकाटोला, करमरी, मंडावीटोला, मार्री, भोजटोला, सांगली, माडियानवाड़वी, उरवाही, कुंजामटोला, कुल्हारदोह, मजियापार, पेन्दाकोड़ो, धोबेदण्ड, मरकाटोला-धो., पाण्डरवानी, कनेरी, कन्दाड़ी, रामगढ़, निर्वाचन क्षेत्र क्र. 06 मोहला अंतर्गत मोहला, देवरसुर, कोर्रामटोला, रेंगाकठेरा, विजयपुर, माडिग़पिड़िंग भूर्सा, मुनगाडीह, डुमरटोला, पुतरगोंदी कला, मोतीपुर, कोड़ेमरा, दनगढ़, जोबटोला, सोमाटोला, बिरझुटोला, आमाडुला, बोगाटोला, पिड़िंगपार, निर्वाचन क्षेत्र क्र. 07 गोटाटोला अंतर्गत शेरपार, मुकादाह, कुम्हली, अड़मागोंदी, मटेवा, ककईपार, मचान्दुर, गिधाली, कंगलूटोला, तेलीटोला, गोटाटोला, मरारटोला, चापाटोला, अलकन्हार, रानाटोला, घावड़ेटोला, मोहभट्ठा, हर्राटोला, निर्वाचन क्षेत्र क्र. 08 औंधी अंतर्गत बागडोंगरी, नवागांव, मोरचुल, सरखेड़ा, बोड़ेगांव जामड़ी, औंधी, साल्हेभट्टी, गडड़ोमी, पेन्दोड़ी, हलांजूर, सीतागांव, हलोरा, कन्दाड़ी, कोहका, कनेली, बसेली, मदनवाड़ा, कार्रेकट्टा, हुरेली शामिल है।

### कुल 10 निर्वाचन क्षेत्र

जानकारी के अनुसर निर्वाचन क्षेत्र क्र. 09 मानपुर अंतर्गत पानाबरस, तोलूम, ख्वासफड़की, ईरागांव, मानपुर, ढब्बा, कोराचा, तेरेगांव, तुमड़ीकसा, टोहे, परालझरी, कोतरी, मरकेली, नेडग़ांव, कहगांव, कहडबरी, सिवनी, उमरपाल, जक्के, निर्वाचन क्षेत्र क्र. 10 खड़गांव अंतर्गत कोसमी, मुरारगोटा, खड़गांव, दोरबा, कमकासूर, बोरियामोकासा, खरदी, हथरा, सरोली, डोकला, दिघवाड़ी, मांडरी, कुम्हारी, मिचगांव, घोटिया, ढोढरी, भावसा, चवेला, फूलकोड़ो, भर्रीटोला शामिल है।

### मानपुर जनपद में चुने जाएंगे 15 सदस्य

छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर तूलिका प्रजापति ने जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत सीमा क्षेत्र का निर्धारण किया है। निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत किसी को आपत्ति हो तो वह आगामी 4 नवम्बर तक कलेक्टर को लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 ढोकला में । ढोकला, सरोली, दीघवाडी, हथरा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 खड़गांव में खड़गांव, मुरारगोटा, कोसमी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 खरदी में खरदी, दोरबा, कामकासुर, बोरियामोकासा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4 घोटिया में घोटिया, मंडारी, कुम्हारी, मिचगांव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 ढोढरी में ढोढरी, तोलूम, खवास पड़की, पानाबरस, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 भावसा में भावसा, चवेला, फुलकोड़ों, भरीटोला, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 कहडाबरी में कहडाबरी, सिवनी, उमरपाल, जक्के, कहगांव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 मानपुर में मानपुर, ढब्बा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 नेडगांव में नेडगांव, मरकेली, कोतरी शामिल है। इसी प्रकार निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 टोहे में टोहे, परालझारी, ईरागव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 कोराचा में कोराचा, तेरेगांव, कोहका, कन्दाडी, हलोरा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 बसेली में बसेली, मदनवाडा, हुरेली, कनेली, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 कारेकट्टा में कारेकट्टा, सीतागांव, हालांजूर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 गढ़डोमी में गढ़डोमी, साल्हेभट्टी, औंधी, जामादी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 15 बागडोंगरी में बागडोंगरी, सरखेड़ा, नवागांव, बेड़ेगां, मोर्चुल, पेंदोडी शामिल है।

### दावा आपत्ति 4 तक आमंत्रित

कलेक्टर ने मोहला जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र की सीमा तय करते हुए आगामी 4 नवम्बर तक दावा आपत्ति लिखित में आमंत्रित किया है। जनपद पंचायत मोहला के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 पाटनवाड़वी में पाटनवाड़वी, वासडी, मरकाटोला, पाटन खास, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 मांडवीटोला में मांडवीटोला, मारी, करमरी, कुल्हारदोह, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 भोजटोला में उरवाही, भोजटोला, सांगली, मड़ियानवाड़वी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4 धोबेदंड में रामगढ़, मरकाटोला धो., कंदाडी, कनेरी, धोबेदंड, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 मोहला में मोहला, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 पेंदाकोड़ों में पेंदाकोड़ों, कुंजामटोला, मजियापार, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 कोड़ेमारा में कोड़ेमारा, मोतीपुर, दनगढ़, जोबटोला, पुतरगोंदी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 सोमाटोला में बिरझुटोला आमाडुला, सोमाटोला, मुनगाडीह, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 कोरमाटोला में कोरमाटोला, देवरसुर, पांडरवानी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 विजयपुर में विजयपुर, बोगाटोला, पीडिंगपार, माडिंग पीडिंग, डूमरटोला, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 मचांदूर में मचांदूर, ककईपार, गिधाली, अडमागोंदी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 कुम्हली में कुम्हली, मुकादाह, शेरपार, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 मटेवा में मटेवा, गोटाटोला, कंगलूटोला, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 तेलीटोला में तेलीटोला, चापाटोला, रेंगाकटेरा, मरारटोला, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 15 मोहभट्ठा में मोहभट्ठा, घावडेटोला, रानाटोला, आलकन्हार, हर्राटोला को शामिल किया गया है।

### टैक्स जमा करने नपं ने दिया नोटिस



**डोंगरगांव।** स्थानीय नगर पंचायत ने बकाया टेक्स सहित अन्य की वसूली के लिए अब सख्ती दिखाना शुरू कर दिया हैं। इसी कड़ी में शहर के चुनिंदा 50 बड़े बकायादारो को बकाया टैक्स 13 लाख 97 हजार जमा करने नोटिस जारी किया था, जिसमें से मात्र 2 करदाताओं ने 51 हजार का भुगतान किया है।

सीएमओ विनम्र जेमा ने सोमवार को बकाया करों के शीघ्र भुगतान करने के लिए करदाताओं से राजस्व की टीम के साथ संपर्क किया। उन्होंने आगामी 7 दिवसों में भुगतान नहीं करने पर अधिनियम के धारा 162 के तहत डिमांड नोटिस जारी कर बकाया करो की वसूली करने की बात कहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड 4 स्थित व्यवसायिक परिसर जिसकी दुकानों का आबंटन करीब 5 साल पहले हो चुका हैं। बहु संख्यक दुकान दारों ने अब तक निर्धारित राशि का भुगतान नहीं किया हैं। राशि के लंबित रहने से न तो दुकानों का एग्रीमेंट हुआ हैं और न किराया तय हुआ है जिससे नगर पंचायत को अब तक लाखों रूपए का नुकसान हो चुका है।

### चंद्राकर होंगे मुख्य अतिथि

**मोहला।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कल 5 नवंबर को जिला मुख्यालय में राज्योत्सव का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान में किया गया है। जिला स्तरीय राज्योत्सव के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर होंगे। विधायक श्री चंद्राकर सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय पहुंचकर राज्योत्सव में शामिल होंगे।

## सिन्हा समाज के 15 युवाओं का एसआई में चयन

**डोंगरगांव।** सब इंस्पेक्टर तथा प्लाटून कमान्डर पद पर सिन्हा कलार समाज के 15 युवक-युवतियों का चयन हुआ है। पहली बार समाज के अनेक युवाओं का चयन होने पर सिन्हा समाज में हर्ष व्याप्त है। सभी युवाओं को सिन्हा समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक सिन्हा की अगुवाई में पदाधिकारियों ने घर जाकर उनका सम्मान किया।


मीडिया प्रभारी बालकृष्ण सिन्हा ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों में अभिषेक सिन्हा, संजीत जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, कुलदीप जायसवाल, कंचन सिन्हा, अभिलाष सिन्हा, दीपशिखा सिन्हा, मनीष सिन्हा, चन्दूलाल जैन, विकास कुमार गजेन्द्र, तेजेन्द्र सिन्हा, मुकेश सिन्हा तथा उमेश कुमार सिन्हा, प्लाटून कमांडर के पद पर पुष्पेन्द्र जायसवाल, सतीश जायसवाल, नवीन जायसवाल, यतन गजेन्द्र, आशीष सिन्हा, ऐश्वर्य जैन तथा मयंक सिन्हा शामिल है।



### जिले से पांच का चयन

चयनित युवाओं में 5 राजनांदगांव जिले के निवासी हैं जिसमें दीपशिखा सिन्हा राजनांदगांव, मनीष सिन्हा खैरझिटी, मुकेश सिन्हा खैरझिटी, खेमलाल सिन्हा ठेलकाडीह तथा यतन गजेन्द्र भंडारपुर शामिल हैं। सम्मान करने के दौरान समाज के प्रांतीय संरक्षक दीपक सिन्हा, पीएल सिन्हा, नाथूराम सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, अशोक सिन्हा, भागवत सिन्हा, उत्तम सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, शिव डड़सेना, पवन सिन्हा, राजूराम सिन्हा आदि मौजूद थे।

### बखरूटोला की बेटी बनी पुलिस उप निरीक्षक



**छुरिया।** बखरूटोला निवासी और ग्राम पंचायत जोब के सचिव जगन्नाथ साहू की पुत्री सोनिया साहू का चयन पुलिस उप निरीक्षक के पद पर हुआ है। सोनिया की सफलता से क्षेत्र में खुशी की लहर है। छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच के प्रदेशाध्यक्ष जाकेश साहू ने बताया कि सोनिया बचपन से मेधावी रही है। सोनिया ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों एवं शिक्षकों को दिया है। वह राज्य प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है। सोनिया को पद्मभूषण साहू, बेलाबाई साहू, रूपेंद्र साहू, कुलदीप साहू, राधेलाल मंडावी, घनश्याम साहू, पन्नालाल साहू, महेंद्र नेटी, रोहिदास कल्लो, गिरवरलाल साहू, कृपाराम पड़ोटी, कलीराम ठाकुर, माधोलाल साहू, कमेलराम पड़ोटी, शिक्षक सदाशिव सलामे, प्राचार्य भाटिया, ओमप्रकाश यादव, जगदीश साहू, हेमंत ऊके, प्रेमलाल साहू, दूरदाशन चंद्रवंशी, मोहितराम साहू, हरिश्चंद्र नेताम, टिकेश्वर साहू, मुकेश साहू, लीला साहू, देवबती साहू, पुरुषोत्तम पड़ोटी, शंकर साहू, घनश्यामदास साहू आदि ने बधाई दिया है।

### बाल क्रीड़ा स्पर्धा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

संकुल केन्द्र सलोनी में दो दिवसीय उपजोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 5 एवं 6 नवम्बर को किया गया है। स्पर्धा में सलोनी, कामठा, मदराकुही, करमतरा एवं भरदाकला के लगभग 250-300 खिलाड़ी शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संकुल समन्वयक ज्ञान लाल साहू ने बताया कि आयोजन की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### ग्रामीणों ने पशुधन को खिलाया खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

ग्राम तुमड़ीबोड में गोवर्धन पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया



गया। ग्राम के अस्थाई कांजी हाउस में गौवंश की पूजा अर्चना कर खिचड़ी खिलाई गई। इस मौके पर सरपंच टीकम पटेल, अर्जुनराम साहू, मोहन साहू, दिलीप श्रीवास्तव, येवेंद्रकुमार साहू, पीताम्बर साहू, टिकेश्वर साहू, सुदर्शन साहू, रोहित साहू सहित अन्य मौजूद थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# राज्योत्सव पर आएगी प्ले बैक सिंगर ऐश्वर्या, भजन की प्रस्तुति देंगे प्रभंजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर 5 नवंबर को स्थानीय पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरवपथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता सांसद संतोष पांडेय करेंगे।

विशिष्ट अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अध्यक्ष सचिन बघेल एवं समाजसेवी रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

## पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आज होगा आयोजन



### इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट रही ऐश्वर्य

छत्तीसगढ़ की बेटी बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित वर्ष 2015 में इंडिया गोट टैलेंट की गोल्डन बजर विजेता रही है। वर्ष 2016 में भारत की शान कार्यक्रम की ग्रैंड फाइनलिस्ट रही है। वर्ष 2018 इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट रही है। सारे गा मा पा कार्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं। उन्होंने फिल्म द पावर, कुटुम्ब, परमाणु एवं कई सीरियल में प्लेबैक सिंगर के रूप में गायन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ऐश्वर्या ने अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, दुबई, टर्की, इस्ताम्बुल एवं अन्य देशों में भी अपनी गायन प्रतिभा से देश का नाम रोशन किया है। सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी देश के ख्यातिप्राप्त भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के शिष्य हैं। मैराथन भजन गायन के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वे रेडियो एवं टीवी कलाकार भी है।




### स्कूली बच्चे देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति



जिला स्तरीय राज्योत्सव अंतर्गत विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी पूर्वान्ह 11 बजे तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अपरान्ह 2 बजे शुरू होगी। मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत शाम 6 बजे दीप प्रज्ज्वलन तथा शाम 6.1 से 6.30 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6.30 से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें संगीत शिल्पी श्रीमती बाबी मंडल द्वारा भजन व छत्तीसगढ़ी गीत, प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा भजन, प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्या पंडित द्वारा हिन्दी गायन तथा शरद श्रीवास्तव द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

## सार समाचार

### पंचायत ने सुनाया फैसला, किया हुक्का-पानी बंद

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के दीवान झिटिया निवासी एक परिवार का हुक्का-पानी बंद करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने परिवार के साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय दिलाने की मांग की है। डोंगरगांव तहसील क्षेत्र के अंतर्गत एक परिवार को अपनी जमीन से आम रास्ता नहीं दिए जाने के मामले में गांव से बहिष्कृत करते उसका हुक्का-पानी बंद कर दिया गया है। पीड़ित ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर इस मामले में न्याय की मांग की है। पीड़ित शिवकुमार यदु ने बताया कि उसे पारिवारिक बंटवारे में 40 डिसमिल जमीन मिली है। जिसके बीच से गांव के लोग रास्ता देने की मांग कर रहे थे, जब उसके द्वारा अपनी जमीन से रास्ता देने से मना किया गया तो गांव में बैठक कर उस पर 5 हजार का अर्थदंड लगा दिया गया, लेकिन जब उसने अर्थदंड पटाने से भी इंकार कर दिया तो गांव के प्रमुखों द्वारा गांव में उसका हुका-पानी बंद कर दिया गया है।



**5 हजार रुपए का लगाया दंड :** गांव से बहिष्कृत हुए पीड़ित शिवकुमार यदु ने बताया कि गांव में उसके साथ किसी भी प्रकार का संबंध रखने वाले या उसकी मदद करने वाले और उसके खेत पर काम में जाने वाले लोगों पर भी 5 हजार रुपए का अर्थदंड करने का फरमान सुनाया गया है। जिसकी वजह से उसके खेतों में धान काटने भी बनिहार नहीं मिल रहे हैं। वहीं किराना, दूध और अन्य सुविधाएं भी बंद कर दी गई है।

**पीड़ित ने की नामजद शिकायत :** पीड़ित ने अपने ज्ञापन के माध्यम से गांव के प्रमुखों के खिलाफ नामजद शिकायत करते कार्रवाई की मांग की है। वहीं हुक्का-पानी बंद होने से उनका परिवार मानसिक परेशानी के दौर से गुजरने की बात कहते पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई को लेकर गुहार लगाई है।

### राज्योत्सव में बिखरेंगी सांस्कृतिक आयोजन की छटा

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा राजा फतेह सिंह खेल मैदान खैरागढ़ में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में विभागीय स्टॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण के केन्द्र होंगे। आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहेब समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह की अध्यक्षता विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा करेंगी। वही समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, जनपद अध्यक्ष लीला प्रकाश मंडावी, छुईखदान जनपद अध्यक्ष नीना विनोद ताम्रकार, पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, छुईखदान नपं अध्यक्ष पार्तिका संजय महोबिया व गंडई नपं अध्यक्ष चेतन देवांगन शामिल होंगे। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित स्टॉल लगाया जाएगा।



#### समारोह की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह की तैयारियो का कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जायजा लिया और संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव का आयोजन पूर्ण गरिमा और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विशेष उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसमें राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं व सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने मंच सहित स्टॉल और बैठक व्यवस्था, पार्किंग की तैयारी समय पूर्व करने कहा। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की जाएगी। राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। इस दौरानअपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, सुमन राज, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, ई लोनिवि पीएस दीवान, एसडीओपी लालचंद मोहले, उद्यानिकी विभाग रविंद्र मेहरा, कृषि विभाग राजकुमार सोलंकी, रक्षित निरीक्षक के देवराजू, यातायात प्रभारी शक्ति सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

#### इस तरह होगा जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन

जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आरंभ सुबह 11.45 बजे होगा। दोपहर 12 से 2 बजे तक विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा नृत्य, गीत, सामूहिक नृत्य, नाटक की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 3 से 6 बजे तक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और शाम 6 से 7 बजे तक नर्तक दल की प्रस्तुति होगी। शाम 7 बजे मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। स्टॉल, पंडाल भ्रमण बाद स्वागत व उद्बोधन का कार्यक्रम होगा। जिसके बाद इंदिरा कला संगीत विवि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी समापन पूर्व पुरस्कार स्मृति चिन्ह वितरण किया जाएगा।

### सड़क निर्माण से पहले बन रहा तीन करोड़ का उच्च स्तरीय पुल

# 14 साल बाद भी बाइपास रोड में नहीं बन पाया उच्च स्तरीय पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के अंदरूनी हिस्से में यातायात दबाव को कम करने बने बाईपास रोड में सेतु निगम भले ही चौदह साल से तीन से चार जगहों पर पुल का काम पूरा नहीं कर पाया हो, लेकिन पिपरिया से खमतराई को जोड़ने वाली पूर्व स्वीकृत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क पर बन रहे उच्च स्तरीय पुल का निर्माण तीव्र गति से कर रही है।

एक तरफ बाईपास सड़क में आवाजाही पुल के अभाव में सालों से अटका हुआ है वहीं दूसरी तरफ सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हुआ है और पुल का निर्माण पूरा होने जा रहा है। इस बीच पुल प्रकरण में अब नया पेंच सामने आया है। मंगलवार को सीएसपीडीसीएल के डीई आफिस से लगी जमीन के प्लॉट मालिकों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से मिलकर उक्त सड़क निर्माण पर आपत्ति दर्ज कराते हुए मुआवजे की मांग की है। दरअसल जिस सड़क पर पुल को जोड़कर कार्य योजना तैयार की गई है, वह असल में निजी भूमि है। अब सेतु निगम से लेकर पूरा प्रशासनिक तंत्र बगले झांक रहा है क्योंकि इसका जवाब किसी के पास नहीं है कि निजी कॉलोनी में प्रधानमंत्री सड़क का प्रस्ताव किसने तैयार किया और उस पर उच्च स्तरीय पुल की कार्ययोजना किसके कहने पर तैयार की गई जबकि जिस हिस्से पर सड़क निर्माण की कार्ययोजना बनाई गई है उस पर बसाहट ही नहीं है।



### 3 करोड़ की लागत से बन रहा पुल

पिपरिया-खमतराई मार्ग के इस उच्च स्तरीय पुल की लागत 2 करोड़ 82 लाख 92 हजार रूपए है। निर्माण लोक निर्माण विभाग के पुल निर्माण एजेंसी की देख रेख में ठेकेदार विनोद कुमार जैन कर रहे है इसमे सड़क व पुल का ठेका अलग-अलग है। समिति सदस्श्यो की आपत्ति बाद सेतु विभाग का कहना है कि उक्त भूमि पर लोनिवि ने सडक्र निर्माण करने अलाइनमेंट तैयार किया था। कुछ दूर सड़क निर्माण भी कराया। हमें नदी के बीच में पुल निर्माण करना था। पहले बताया गया कि उक्त भूमि सरकारी है। पुल निर्माण शुरू करने के बाद जमीन मालिकों ने शिकायत की जिसके बाद राजस्व विभाग को उक्त भूमि का सीमांकन कर सरकारी और निजी भूमि को चिह्नांकित करने पत्र लिखा गया है। चिह्नांकन बाद मुआवजा प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### जमीन पर संगीत विवि आवास समिति का दावा, मांगा मुआवजा

सड़क निर्माण के लिए उक्त प्रसतावित जमीन निजी है। सालों पहले जमीन खरीदने के बाद प्लाट मालिकों ने संगीत विवि आवास समिति का गठन किया और अब अध्यक्ष आलोक सिंह सहित अन्य सदस्यों ने निर्माण पर आपत्ति करते हुए मुआवजे की मांग की है। कॉलोनी सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पिपरिया, तहसील खैरागढ़, जिला राजनांदगाव आवास समिति के नाम से पहन 19/1 में खसरा नं 1760, 1761/2, 1761/3, 1759/3, 1761/4, 1761/14, 1761/15, 1759/1, 1759/2, 1755 और 761/13 कुल रकबा 3.10 एकड 1761/1. भूमि विश्वविद्यालय आवास समिति के 30 सदस्यों के नाम वर्ष 1998 से पंजीकृत है और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग राजनांदगाँव से पारित है। कॉलोनी सदस्यों ने विवि आवास समिति के जमीन पर सड़क निर्माण के फलस्वरूप मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है।

### सवालों के घेरे में विभाग

नगर में चल रहे निर्माण कार्यों में खासकर सेतु निगम के निर्माण कार्यों को लेकर न केवल सवाल उठ रहे हैं बल्कि विभाग भी सवालों के घेरे में है। एक तरफ टिकरापारा, शिव मंदिर रोड जैसे घनी बसाहट वाले वार्ड बाढ़के दौरान शहर से कट जाते हैं वहाँ पुल निर्माण तो छोड़ उसकी कार्ययोजना पर भी विचार नहीं हो रहा। वही पहले मोंगरा और अब पिपरिया-खमतराई के बीच पुल बन रहा है जहाँ सड़क के लिए जमीन का अधिग्रहण ही नही हुआ है वहॉ पुल लगभग बनकर तैयार हो गया है और जहां सालों से सड़क बना है वहॉ पुल नही बन पा रहा।

## जिला कबीर विचार मंच ने की कड़ी निंदा

**राजनांदगांव।** बलौदाबाजार जिले के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में दीपावली की रात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आचार्य हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब कबीर आश्रम में किए गए हमले व नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहेब को धमकी देने तथा आश्रम में बम फेंके जाने की घटना को लेकर जिला कबीर विचार मंच राजनांदगांव के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने कड़ी निंदा करते इस घटना को दुखद एवं दुर्भाग्यपुर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि इस तरह की अप्रिय एवं अमानवीय घटना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले को लेकर सभी कबीर पंथ के आचार्य एवं साधु-संत एक हैं एवं प्रशासन से अपील किया है कि अपराधियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने दामाखेड़ा के प्रमुखों से चर्चा कर कहा कि जिले एवं प्रदेश के कबीरपंथी इस घटना से आक्रोशित हैं।

अध्यक्ष डॉ. साहू ने कहा कि देशभर की कबीर पंथी इस घटना की निंदा करता है एवं इस घटना के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त करेगा। बैठक में अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष केपी साहू, सचिव रामप्रकाश साहू, सुरेंद्र साहू, केवलराम साहू, खेलन साहू, बोधन साहू, प्रेमदास साहू, भोलादास कंवर, लोकेश साहू, रामाधीन साहू, दौवादास साहू, बिजेदास, गंगा दास, डोमन दास, हेमनाथ दास, केपी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद यादव ने घेरा

# प्रदेश में बढ़ते अपराध के लिए कांग्रेस पर लगाया आरोप

**राजनांदगांव।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने प्रदेश में बढ़ रहे अपराध के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते षडयंत्र करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जितने भी बड़े अपराध हुए, उसमें कांग्रेस नेताओं का नाम सामने आया है।

जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता में पूर्व सांसद श्री यादव ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि सरकार और भाजपा को बदनाम करने की कोशिश लगातार कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही है, जिसे जनता समझ रही है। प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि कांग्रेस जान बूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसके लिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है, षडयंत्र रचती है, फिर उस पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर पर तय हुए साजिश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो, भय और आतंक का वातावरण का निर्माण करो।




### शांति व्यवस्था बनाने सरकार कटिबद्ध

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ कतई सहन नहीं करेगी। भाजपा की सरकार प्रदेश में हर कीमत पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है ही। संगठन भी लोकतांत्रितक तरीके से कांग्रेस का मुकाबला करने को तैयार है। पत्रकारवार्ता में श्री यादव के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, दिनेश गांधी, सचिन बघेल, रविन्द्र वैष्णव, शिव वर्मा, योगेशदत्त मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

### लड़वा रही कांग्रेस

दामाखेड़ा में कबीर पंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केन्द्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाश मुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। इसी तरह बलौदाबाजार में किस तरह से योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाए गए। इस प्रकरण में कांग्रेस विधायक सहित अनेक कांग्रेसी जेल में बंद है। इसी तरह सूरजपुर में हुए घटना में एनएसयूआई के पदाधिकारियों पर आरोप लगे। लोहारीकांड में भी बार-बार गांव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। उन्होंने कहा कि केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपए के लाखों के नकली नोट के साथ पुलिस के गिरफ्त में है। कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कई घोटालों के आरोप हैं।

### भाजयुमो ने किया कांग्रेस का पुतला दहन



प्रदेश में हिंसक घटनाओं को अंजाम देने में कांग्रेस के लोगों की संलिप्तता को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस कमेटी के पुतला दहन का आयोजन किया गया। शहर के मानव मंदिर चौक पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंका। प्रदेश में लगातार घट रही हिंसक घटनाओं को लेकर इसमें कांग्रेस के लोगों के शामिल होने का आरोप लगाते हुए प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के आह्वान पर राजनांदगांव में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कमेटी का पुतला दहन किया। इस दौरान शहर के मानव मंदिर चौक पर कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। अपने प्रदर्शन के दौरान भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कहा गया कि दामाखेड़ा कबीर आश्रम में उदित मुनि साहब के ऊपर हमले में कांग्रेस की संलिप्तता व बलौदाबाजार, सूरजपुर, कवर्धा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश का वातावरण को दूषित करने व अशांति फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। पुतला दहन के अवसर पर गोलू सूर्यवंशी, सुमित भाटिया, हेतल भोजानी, विनोद श्रीरंगे, पिंटू वर्मा, डिकेश साहू, आशीष जैन, गोलू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में की जा रही धरपकड़ के तहत पुलिस ने एक युवक से 18 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुरिया क्षेत्र में पुलिस जुआ, शराब आदि गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए भ्रमण पर रवाना हुई थी। इस दौरान 4 नवंबर को अवैध शराब बिक्री की मुखबीर सूचना पर ग्राम बरेठटोला पुल के पास पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी कर कार्रवाई की गई, जहां आरोपी राकेश निर्मलकर 35 साल साकिन ग्राम नागरकोहरा चौकी चिचोला को 18 पौवा शराब कीमती 2140 रुपए एवं बिक्री रकम 210 रुपए के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा-34(1) के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया।

### शिक्षिका सिन्हा का सम्मान

**अर्जुनी।** माताओं को घर में उपलब्ध वस्तुओं से शिक्षा देने के लिए प्रेरित करने, प्राथमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने, शिक्षा में नवाचार एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने पर पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब की शिक्षिका कमला सिन्हा को कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहरे, एपीसी रफीक मोहम्मद अंसारी, मनोज मरकाम, आदर्श वासनिक, एडीपीओ पीआर झाड़े ने प्रशस्ति पत्र, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्मार्ट माता लिकेश्वरी पटेल ने अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि घर का काम करते हुउ बच्चों को आसानी से पढ़ना, लिखना, रंगों की पहचान, जोड़-घटाव, वर्गीकरण करना सिखा सकते हैं। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम से जुड़ी स्मार्ट माता लिकेश्वरी पटेल, सविता साहू एवं जिला के नोडल चंद्रवली साहू, नमिता देवांगन को भी सम्मानित किया गया।







आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा
Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

### नगर पालिका के सामने प्रस्तावित चौपाटी स्थल का किया निरीक्षण

# कलेक्टर ने प्रस्तावित चौपाटी कार्य प्रारंभ नहीं होने पर जताई नराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा शहर की नगर पालिका के सामने करोड़ों रूपए की लागत से प्रस्तावित सुव्यवस्थित चौपाटी परियोजना के कार्य में देरी को लेकर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने परियोजना में विलंब को गंभीरता से लेते हुए सख्त निर्देश दिए हैं कि चौपाटी कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए और इसे समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने नगर पालिका के सामने प्रस्तावित सुव्यवस्थित चौपाटी स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, सीएमओ रोहित साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि चौपाटी का कार्य अब और देरी से नहीं चलना चाहिए। यह परियोजना शहर के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर कार्य को जल्द प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए और यह समय सीमा के भीतर पूर्ण होना चाहिए। अगर कार्य में और देरी हुई, तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि परियोजना की नियमित रूप से समीक्षा की जाए ताकि कार्य में किसी प्रकार की रुकावट या समस्या का समाधान तुरंत किया जा सके।

### नपा के सामने सुव्यस्थित चौपाटी कार्य प्रारंभ करने के दिए सख्त निर्देश



उल्लेखनीय है कि जिले का सबसे बड़ा कवर्धा शहर एक समृद्ध कवर्धा, सुव्यस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से प्रदेश में एक मॉडल नगर पालिका के रूप में विकसित करने के लिए चार बड़े-बडे कार्य योजना की गई है। इसमें कवर्धा नगर पालिका के सामने सुव्यस्थित चौपाटी, गार्डन सहित सौदर्यीकरण का कार्य शामिल है। चौपाटी के लिए राज्य शासन से करोड़ो रूपए की स्वीकृति मिल गई। कलेक्टर ने शीघ्र ही चौपाटी का काम शुरू करने के निर्देश दिए।

# किसान धान फसल की कटाई व मिंजाई कार्य में जुटे

## 14 नवंबर से शुरु होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली पर्व के बाद ग्रामीण किसान धान फसल की कटाई-मिजाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र में प्रारंभ हो जाएगा।

ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार किसान अपनी धान फसलों को घर लाने में जुटे हुए हैं वहीं परिपक्व हो चुके धान फसल की कटाई तथा मिजाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में धान की कटाई व मिजाई का काम तेजी से पकड़ी है जिससे किसान सुबह से शाम तक खेतों में नजर आ रहें हैं साथ ही साथ क्षेत्र के गांव गली मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है। क्षेत्र में धान फसल की व्यापक रकबा पर खेती की जाती है जिसमें हरुना किस्म धान फसल तैयार होने से धान कटाई में किसान व्यस्त हैं।



### आधुनिक तकनीक से खेती किसानी कार्य

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में वैज्ञानिक तथा आधुनिक तकनीक से किसान खेती किसानी कार्य किया जाता है। ग्रामीण किसान खेतों की जोताई कार्य से लेकर धान फसल की कटाई व मिजाई कार्य आधुनिक तकनीक से किया जा रहा है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान की कटाई-दुलाई-मिजाई के लिए मजदूरों की कमी के कारण ज्यादातर ग्रामीण किसान अब आधुनिक तकनीक का सहारा ले रहे हैं यही कारण है कि अब शहर और गांव-गांव में भी थ्रेसर व रीपर तथा हार्वेस्टर जैसे आधुनिक मशीन चलन में हैं वैज्ञानिक तकनीकी से कृषि कार्य किया जा रहा है जिससे समय व पैसे दोनो की बचत होती है इसके कारण ग्रामीण किसान भी धान फसल की कटाई व मिजाई कार्य मशीनो से कर रहें है।

### खबर संक्षेप

#### नगर में मामूली विवाद को लेकर चाकूबाजी

**हरिभूमि स/लोहारा।** नगर में मामूली विवाद को लेकर साहू मोहल्ला में चाकू बाजी की एक सनसनी खेज घटना सामने आई। जिसमें तीन युवक के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है वहीं या घायलों को सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जिसमें सुरेश जोशी आयु 22 वर्ष, शिव चेलक आयु 23 वर्ष, गोकुल चेलक आयु 17 वर्ष जिन्हें चाकूबाज युवक ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नगर में लगातार चाकूबाजी की घटना घटते आ रही है कई चाकूबाजी की घटना की पुलिस थाने में पीड़ितों ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई जिसके कारण चाकूबाजो के हौसले बुलंद होता जा रहा है। दशहरा पर्व पर जहां चाकू बाजी की कई घटनाएं घटी साथ ही साथ दीपावली पर्व में भी चाकू बाजी की घटना घटी जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है पुलिस में इस बात की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर वैधानिक कानूनी कार्यवाही उनके खिलाफ की जा रही है यही नहीं आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किए जाने के पूर्व पुलिस थाने से मुख्य सड़क मार्ग तक पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में आरोपी युवक को पैदल घुमाया गया। सैकड़ो लोगों ने आरोपी युवक को हथकड़ी बंधे देख एवं आरोपी युवक नारा लगा रहा था अपराध करना पाप है पुलिस हमारा बाप है फिर आरोपी युवक को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया पुलिस पूरे घटनाक्रम की विवेचना कर रही है।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के खिलाड़ियों ने एसपी धर्मेंद्र सिंह से की मुलाकात

- पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने आगामी 10वीं जूनियर राष्ट्रीय चयन राज्य स्तरीय खो-खो चैंपियनशिप के लिए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए चैंपियनशिप में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दीं और आयोजन स्थल छुरिया (राजनांदगांव) के लिए रवाना किया। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने कहा आपका उत्साह और मेहनत निश्चित रूप से आपको सफलता दिलाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में खेलों का विकास बेहद जरूरी है और आपकी भागीदारी इन क्षेत्रों में सकारात्मकता और विकास का प्रतीक है। अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और पूरे मन से खेलें। पुलिस प्रशासन आपके हर कदम पर सहयोग के लिए तत्पर है। चैंपियनशिप में हिस्सा लेने जा रहे खिलाड़ियों ने वाहन और अन्य व्यवस्थाओं की मांग की थी, जिसे पुलिस अधीक्षक ने तत्परता से स्वीकार करते हुए खिलाड़ियों को आवश्यक सहायता प्रदान की। उन्होने कहा कि खेलों के माध्यम से पुलिस और स्थानीय युवाओं के बीच विश्वास और सकारात्मकता बढ़ती है। सामुदायिक पुलिसिंग की इस पहल के माध्यम से न केवल युवा खेलों की ओर आकर्षित होते हैं, बल्कि यह क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में भी सहायक है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, के नेतृत्व में जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रकार की पहल से न केवल खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलते हैं, बल्कि क्षेत्र में सकारात्मकता और विकास का वातावरण भी बनता है। ऐसे आयोजन युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित कर उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करते हैं।




# आदित्यवाहिनी ने मनाई परंपरा प्राप्त वर्णाश्रमोचित स्वधर्म पालन के साथ दीपावली पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जग़दगुरु शंकराचार्य अनन्तश्री विभूषित स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग द्वारा संस्थापित संस्था आदित्यवाहिनी इकाई कवर्धा द्वारा परंपरा प्राप्त वर्णाश्रमोचित धर्म के अनुसार व्यवसाय कर्म करने वाले धर्मावलंबियों के साथ दिवाली महापर्व मनाया गया। पुरीपीठ के शंकराचार्य पुज्यपाद स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग अनुसार वर्णाश्रम व्यवस्था सनातन वैदिक धर्म की आधारशिला है एवं स्वधर्म के अनुसार कर्म मोक्ष प्राप्त हेतु अति उत्तम एवं सरल मार्ग हैं। गीता में वासुदेव कहते है स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः अर्थात अपने धर्म में मरना श्रेष्ठ हैं। आदित्यवाहिनी कवर्धा के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया कि पूज्य गुरुदेव भगवान के प्रेरणा से ही आदित्यवाहिनी कवर्धा द्वारा वर्णाश्रमोंचित अंर्तगत स्वधर्मकर्म का पालन करने वाले धर्मावलंबियों से भेंट बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर पुरी पीठाधीश्वर महाभाग के आशीर्वचनों का लाभ साथ ही इस कलिकाल उन्हे अपने वर्णाश्रम व्यवस्था में बने रहने आभार व्यक्त किया। उक्तासय अंर्तगत कुम्हार, धोबी, करड़ा, नाई, लोहार, यादव, स्वीपर आदि जो अपने स्वधर्म अनुसार कर्म कर रहें है उन्हे सुन्दरकाण्ड, दीपदान समाग्री, चांदी का सिक्का, मीठा आदि भेंटकर सनातन धर्म के अधारभूत हिस्सा होने हेतु उन्हें प्रोत्साहित कर आने वाले पीढ़ियों के लिए स्वधर्मकर्म हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में आदित्यवाहिनी कवर्धा से मारूतीशरण शर्मा, नारायण गुप्ता, भोला तिवारी, नंदू ठाकुर, मोनू ठाकुर, कोमल ठाकुर, अकुंश विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### कोलेगांव में मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, बसनी, मोहतरा, कंझेटा, अमली मालगी, मोहतरा कला, कुण्डा, दामापुर व घोरपेंड्री क्षेत्र में मां लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ गाजे बाजे के साथ ग्राम कोलेगांव के बजरंग दल एवं शारदा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां लक्ष्मी प्रतिमा स्थापित की गई थी। वहीं समितियों द्वारा पांच दिनों तक मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर रविवार व सोमवार को धूमधाम से मां लक्ष्मी विसर्जन किया गया साथ ही साथ श्रद्धालुओं व भक्तजनों द्वारा अपने-अपने घर के सामने मंगल आरती थाल में सजा कर मां महालक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार की सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना की गई।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### गाजा बाजा व जयघोष के साथ मां लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जित



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्राम क्षेत्र के ग्राम दौजरी, जेवड़न खुर्द, हरिनछपरा, राम्हेपुर व सिंघनपुरी में दीपावली पर्व उत्सव व उमंग के साथ मनाया गया। वहीं शहर तथा क्षेत्र में मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन सोमवार को भव्य बाजे गाजे के धून में नाचते गाते व झूमते नगर के मुख्य गली मोहल्ले से होते हुए मां लक्ष्मी के जयघोष के प्रतिमा को तालाब तक ले गए और मां लक्ष्मी को नम आंखों से विदाई विसर्जन किया गया। समितियां व टोली द्वारा मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपनी परिवार व क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की मनोकामना के साथ भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी व श्रद्धालु तथा भक्तगण उपस्थित थें।

### शहर व ग्रामीण क्षेत्र में ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर सहित अंचल क्षेत्र में शाम व सुबह आम नागरिकों को होने लगा है। लोग को गर्मी से राहत तथा ठंड का अहसास होने लगा है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

### बच्चों का मुंह मीठा कराकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं भेंट की

# अभाविप की वनांचल में सेवाकार्य व सराहनीय पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने दीपावली पर्व के पांचों दिन अलग-अलग सुंदूर वनांचल गांवों में पहुंचकर मिठाई, फटाखे, दीपक, कपड़े व मां लक्ष्मी की छायाचित्र भेंटकर सेवा कार्य किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभाविप इकाई कवर्धा, बोड़ला, पाण्डातराई व पंडरिया तथा कुई के कार्यकताओं द्वारा अनवरत सेवा कार्य तीज-त्यौहार में करते आ रहे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य त्योहार की खुशियां एवं उत्सुकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, अभावग्रस्त क्षेत्र में पहुंचकर बच्चों का मुंह मिठा कराकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं का भेंट करने से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखते बनती है। तुषार चन्द्रवंशी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के सेवा कार्य आयाम के माध्यम से अभाविप वर्ष भर ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में सेवा कार्य को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है, समाज से सहयोग प्राप्त कर ऐसे क्षेत्रों में पहुंचाना जहां वास्तव में आवश्यकता है। यह कार्य विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम कार्यक्रम के रुप में प्रत्येक तीज त्यौहार में मनाती आई है। निकट भविष्य में ठंड के मौसम में व्यापक तौर पर गर्म वस्त्र वितरण किया जाएगा। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषर के प्रमुख कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल आज कवर्धा में



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवंबर 2024 को कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय मैदान में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बिलासपुर के विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधायक श्री अग्रवाल शाम 04 बजे रायपुर से कबीरधाम के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 06 बजे सर्किट हाउस कवर्धा आगमन एवं आरक्षित रहेगा। शाम 06.30 से 08 बजे तक आचार्य पंथ श्री गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि 08.30 बजे सर्किट हाउस में भोजन एवं आरक्षित रहेगा। विधायक श्री अग्रवाल 09 बजे कबीरधाम से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शुरूआती ठंड लोगों की सेहत पर पड़ रही भारी


**कवर्धा।** बीते कुछ दिनो से मौसम में मची उथल पुथल और पंडरिया क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश के बाद एक बार फिर अंचल का मौसम बदल गया है और देर से ही सही अब गुलाबी ठंड ने दस्तख दे दी है। मौसम में आ रहे इस परिवर्तन का लोगों की सेहद पर भी अच्छाखासा विपरीत प्रभाव देखने को मिल रहा है और लोग सर्दी, जुखाम, बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अभी अक्टूबर माह के मध्य तक कवर्धा सहित लगभग समूचे अंचल में बेमौसम बारिश का दौर चल रहा था और चटख धूम भी खिल रही थी। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन बीते कुछ दिनो से अंचल का मौसम बदल गया है और अब सूर्योदय तथा सूर्यास्त के साथ ही अंचल में गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। बताया जाता है कि शहरी क्षेत्रों में तो अभी शुरूआत है लेकिन जहां तक जिले के वनांचलों की बात की जाए तो यहां अच्छी खासी ठंड पड़ने लगी है। जिसकी लोगों की सेहद पर भी विपरीत प्रभाव पड़ते दिखाई दे रहा है और लोगों में अचानक बदले इस मौसम में सर्दी, जुखाम की शिकायत बढ़ रही है। ठंड के शुरूआती तेवरों को देखकर ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनो में इस साल जोरदार ठंड पड़ सकती है।

# ट्रैफिक सिग्नल के संकेतों में उलझे जिले के वाहन चालक

- वाहन चालकों को जागरूक करने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के वीर स्तमभ चौक में ट्राफिक सिग्नल लगे भले ही वर्षो बीत चुके हैं लेकिन अधिकांश लोगों को अभी भी ट्राफिक सिग्नल के संकेतों के मुताबिक आवागमन की समुचित जानकारी नहीं है। चौक में अक्सर ग्रामीण और कई शहरी वाहन चालक लाल, हरी और पीला बत्ती के फेर में फंसकर रह जाते हैं। ट्रांफिक सिग्नल के लिए लगाई गई इन लाल, हरी और पीला बत्ती के संकेतों की समुचित जानकारी नहीं होने के कारण कुछ अनभिज्ञ वाहन चालक सिग्नल जंप कर निकल जाते हैं तो कुछ सिग्नल में सिर्फ इसलिए रूक जाते हैं कि दूसरे जानकार वाहन चालक रूके रहते हैं। ऐसे अनभिज्ञ वाहन चालक अगल-बगल के वाहन चालकों का मुंह ताकते नजर आते हैं और जैसे ही ग्रीन सिग्नल मिलने पर, जानकार वाहन चालक आगे बढ़ते हैं तो उनके पीछे अनभिज्ञ वाहन चालक भी चल पड़ते हैं। इसे जानकारी का आभाव ही कहें की लालबत्ती देख कुछ पैदल चलने वाले भी रूक जाते हैं और ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद ही अपने कदम आगे बढ़ाते हैं। वहीं लाल बत्ती जलने के बाद भी किस साईड से निकला जा सकता है, सिग्नल पर कहां वाहन खड़ी करना चाहिए इसकी जानकारी का आभाव भी वाहन चालकों में देखने को मिलता है। सिग्नल में लगी लाल, हरी बत्ती के संकेतों को तो फिर भी कुछ को छोड़कर अधिकांश वाहन चालक समझ ही लेते हैं लेकिन रात नौ बजे जब पीली बत्ती जलती-बुझती है तो कई पढ़े लिखे भी ये समझ नहीं पाते की उन्हें आखिर करना क्या है? और वे हरी बत्ती जलने के इंतजार में खड़े रहते हैं। ऐसे में कोई जानकार वाहन चालक जब चौक से गुजरता है तो वे बड़ी हिम्मत जुटाकर आगे बढ़ते हैं। कुल मिलाकर इसे जागरूकता की कमी कहा जा सकता है। जिसके लिए यातायात विभाग को प्रयास करना चाहिए और सिग्नल में मौजूद ऐसे अनभिज्ञ लोगों को उनके पास जाकर इसकी जानकारी देनी चाहिए ताकि दूसरी बार वे ट्राफिक सिग्नलों के संकेतों का सही ढंग से पालन कर सकें।



**दुर्घटना का बना रहता है खतरा**

वाहन चालकों को ट्राफिक सिग्नल की सही जानकारी नहीं होने के कारण हेमशा सड़क दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ऐसे में बेहतर यही होगा की लोगों को यातायात नियमों की समुचित जानकारी दी जाए। क्योंकि नगर के जिए चौक में ट्राफिक सिग्नल लगाया गया है वह नगर का सबसे ज्यादा भीड़ भाड़ वाला चौक है यहां जरा सी गलती वाहन चालकों के लिए खतरनाक हो सकती है।

**विरोध:** दामाखेड़ा आश्रम में हमले को लेकर भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस का पुतला

# छत्तीसगढ़ में अशांति फैला रहे कांग्रेस के लोगः मनीराम साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते दिनों दामाखेड़ा स्थित कबीर आश्रम में उदित मुनि साहब के ऊपर हमले के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए तथा इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय कवर्धा के सिग्नल चौक में कांग्रेस का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा मनीराम साहू ने उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी सत्ता छिनने के बाद बौखला गई है और लगातार प्रदेश की भाजपा सरकार को बदनाम करने के षणयंत्र रच रही है। श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के लोग लगातार प्रदेश में अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि हाल के महिनो में प्रदेश के बलौदाबाजार, सूरजपुर, कवर्धा और अन्य स्थानों पर हुई गंभीर आपराधिक घटनाओं में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं संलिप्ता पाई गई है। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने इस तरह की घटनाओं को अंजाम देकर छत्तीसगढ़ के शांत वातावरण को अशांत करने का काम किया है और अब इसी कड़ी में हम सबके आराध्य संत कबीर जी के दामाखेड़ा स्थित कबीर आश्रम में उदित मुनि जी पर हमला, निंदनीय घटना है। उन्होने कहा कि इस निंदनीय कृत्य के विरोध में ही आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिला मुख्यालय कवर्धा में कांग्रेस का पुतला दहन किया है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस को प्रदेश की शांति पच नहीं रही है और वह इसे अशांत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पहले इस तरह के कृत्य कराती है और फिर इस पर राजनीति कर अपनी पूरी तरह से धूमिल हो चुकी छबि को बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन प्रदेश की जनता कांग्रेस के चाल, चरित्र को समझ चुकी है। यही वजह है कि जनता ने कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री संतोष पटेल, जिला उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, कैलाश चंद्रवंशी, जिला मंत्री रोशन दुबे,शहर भाजपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा पीयूष सिंह ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, प्रदेश किसान मोर्चा नरेंद्र मानिकपुरी श्रीकांत उपाध्याय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मोर्चा अखिलेश्वर साहू, रवि राजपूत,उमंग पांडे ईश्वरी धुर्वे, जिला उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, तुकेश चंद्रवंशी, मनोज वैष्णव, मंडल अध्यक्ष अश्वत साहू दुर्गेश दुबे अमित चंद्रवंशी, सुदर्शन कुंभकार, रमाकांत चंद्रवंशी अजय सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो तथा भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

**प्रदेश में लगातार सामने आ रहे गंभीर मामले**





यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते कुछ महिनो से प्रदेश में लगातार गंभीर आपराधिक मामले सामने आ रहे हैं। जो निश्चित रूप से प्रदेश के शांत वातावरण को अशांत करते दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में माना यही जा रही है कि शासन को ऐसे मामलों में गंभीरता दिखाते हुए प्रदेश के शांत वातावरण को बेवजह अशांत करने की मंशा रखने वाले असामाजिक तथा आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करनी चाहिए।

# कुण्डा में धूमधाम से मनाया जा रहा काली उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम कुण्डा में काली उत्सव पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय काली उत्सव समिति द्वारा नगर में आकर्षक पण्डाल बनाकर मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिनके दर्शनो को प्रतिदिन कुण्डा सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि अंचल में दीपावली के दिन मां काली की स्थापना करने की परम्परा वर्षो पुरानी है। इस परम्परा के तहत खासकर ग्रामीण अंचलों में दीपावली के दिन विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां काली की प्रतिमा स्थापित की जाती है। पूरे 11 दिन चलने वाले इस उत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते है और प्रतिमाओं का विसर्जन एकादशी के दिन किया जाता है। ग्राम कुण्डा में यह परम्परा आज भी पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाई जा रही है। समिति के संरक्षक ने बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा मां काली आकर्षक, मनमोहक भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। जो समूचे अंचल में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। काली उत्सव के दौरान प्रतिदिन जसगीत, पूजा-पाठ, आरती का आयोजन किया जा रहा है। जिससे गांव में धार्मिक वातावरण निर्मित हो गया और प्रतिदिन लोगों की भीड़ मां काली के दर्शन को पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिमाओं का विसर्जन विधि विधान से एकादशी के दिन किया जायेगा।

# सुख, समृद्धि की कामना के साथ मां लक्ष्मी का किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में लक्ष्मी उत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली के पूर्व धनतेरस के रोज से प्रारंभ हुआ लक्ष्मी उत्सव सोमवार को लक्ष्मी प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समाप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में गणेश उत्सव, दुगोत्सव की तर्ज पर ही लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न समीतियों द्वारा बकायदा मूर्तिकारों के यहां से मां लक्ष्मी की भव्य व आकर्षक प्रतिमा बनवाकर उसकी धनतेरस के रोज पण्डाल में विधि विधान से पूजा अर्चना कर सिापित कर रहे हैं। पूरे पांच दिनो तक चलने वाले इस लक्ष्मी उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा, अर्चना आरती की जाती है। इसी परम्परा का निर्वहन करते हुए इस बार भी कवर्धा सहित ग्रामीण अंचलों में विभिन्न समीतियों द्वारा बड़ी संख्या में मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। जिनके विसर्जन का सिलसिला सोमवार से प्रारंभ हो गया। समीतियों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सोमवार को बकायदा मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना व हवन आदि कर वाहनो में मां लक्ष्मी की बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली और प्रतिमाओं का स्थानीय नदियों, तालाबों व दूसरों जल स्त्रोतों में विसर्जन किया गया।

# दलपुरूवा में आयोजित किया गया शारदीय नवसस्येष्टि यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम दलपुरूवा में सोमवार को लक्ष्मी पूजा के अवसर पर शारदीय नवसस्येष्टि यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से यज्ञाचार्य के रूप में आमसेना कन्या गुरूकुल की बहन गीतांजलि और नेहा बेटी उपस्थित थे। वहीं मुख्य यजमान के रूप में भूनेश्वर चन्द्रवंशी, युवा भारत जिला प्रभारी हरेन्द्र चन्द्रवंशी, पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी अजय चन्द्रवंशी, तहसील प्रभारी शिव कुमार चन्द्रवंशी, ईश्वर, पूरन, रमाकांत, दिनेश, राजू, हेमंत, निशु, रामजी, रूपेश चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मेल मुलाकात ...



**कवर्धा।** दीपावली पर्व पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अपने गृह नगर कवर्धा प्रवास के दौरान राजमहल कवर्धा में राजा व पूर्व विधायक योगेश्वर राज सिंह तथा रानी व त्रिपुरा सांसद कृति देवी सिंह से मुलाकात कर दीपावली की बधाई दी। साथ ही शहर व जिले के विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की।

**चल रही है सैकड़ों की संख्या में गुड़ फैक्ट्री लगाने की तैयारी**

# जिले के गांव-गांव में सक्रिय होने लगे बाहरी गुड़ फैक्ट्री संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पिछली बार की तरह इस बार भी जिले के एक बड़े रकबे में लहलहती गन्ने की फसल को देख दूसरे प्रदेशों के कथित गुड़ फैक्ट्री संचालकों ने अंचल में अपनी मौजूदगी दर्ज कराना शुरू कर दिया है प्रारंभिक तौर पर इन संचालकों द्वारा क्षेत्र में गन्ने के रकबे, सर्व सुविधा युक्त स्थान चयन सहित अन्य आवश्यकताओं की पड़ताल शुरू कर दी है। लेकिन फिलहाल प्रशासन ने ऐसे बाहरी कथित गुड़ फैक्ट्री संचालकों पर नकेल कसने न तो कोई गाईड लाईन तैयार की गई और न ही रणनीति बनी है। गौरतलब है कि बेहतरीन किस्म के गन्ना उत्पादन के लिए पड़ोसी राज्यों में प्रसिद्धि पा चुके कबीरधाम जिले के एक बड़े रकबे में



इस समय गन्ने की फसल पक कर तैयार खड़ी है। जिसकी कटाई एकादशी के बाद शुरू हो जायेगी। गन्ने की लहलहाती फसल को देख जहां गन्ना उत्पादक कृषक गदगद है वहीं उन बाहरी लोगों की भी फसल पर गिद्ध नजर गड़ी हुई है जो बीते कई वर्षो से जिले में गन्ना कटाई से लेकर पूरे पेराई सीजन तक गुड़ फैक्ट्री की आड़ में अपना गोरखधंधा चलाते है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हर बार की तरह इस भी पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, ओडिसा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र तथा बिहार के कथित गुड़ फैक्ट्री संचालक जिले में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने लगे है। इन लोगों द्वारा प्रारंभिक तौर पर क्षेत्र में गन्ने के रकबे, आवागमन, बिजली, पानी जैसी आवश्यकताओं से युक्त स्थान का चयन किया जा रहा है। बताया जाता है कि किराय पर सर्वसुविधा युक्त स्थान मिलने के बाद इन बाहरी कथित गुड़ फैक्ट्री संचालकों द्वारा कुछ आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर अपना धंधा प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# अंचल में धूमधाम से मनाई गई दीपावली, की गई गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया। नगर सहित पूरे ब्लाक में गुरुवार व शुक्रवार को दीपावली का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। दीवाली लक्ष्मी पूजा जहां दो दिन तक मनाया गया वहीं इस बार धनतेरस मंगलवार व बुधवार को मनाया गया। लोग दिवाली को लेकर असमंजस में थे। जिसके चलते दो दिन तक लोगों ने दिवाली का पर्व हर्सोल्लास के साथ मनाया। दीपावली के त्यौहार में लोगों द्वारा जमकर आतिशबाजी की गई तथा लोगों में जमकर उत्साह देखा गया। इसके साथ ही बाजार पर भी रौनक देखी गयी। नगर के ज्वेलरी शाप, कपड़ा दुकान, इलेक्ट्रिकल्स, बाइक व



बड़े वाहनों, सहित सभी दुकानों में अच्छी खरीददारी हुई। ईस दौरान मछली का जाल डालकर लोगों की सुरक्षा व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। गोवर्धन पूजा किया गया- शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर पालतू मवेशियों की पूजा अर्चना कर गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया गया। इस दौरान मवेशियों की साफ सफाई कर पूजा की गयी तथा गोबर से गोवर्धन बनाकर खिचड़ी सहित अन्य पकवान पालतू पशुओं को खिलाये गए। इसके साथ ही मवेशियों के गले पर मयूर के पंख से बने पट्टे को बांध कर पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य व बीमारियों से दूर रखने की कामना की गई।